दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, शनिवार 17 नवम्बर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-50

महत्वपूर्ण एवं खास

कश्मीर में सुबह दस बजे तक नौ प्रतिशत मतदान

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर घाटी में पहले चरण के पंचायत चुनाव में शनिवार को सुबह दस बजे तक नौ प्रतिशत मतदान हुआ। एक अधिकारी ने कहा, ''कुल 8.9 प्रतिशत मतदाताओं ने सुबह दस बजे तक घाटी में 283 मतदान केंद्रों पर वोट डाले।'' उन्होंने बताया कि घाटी के छह जिलों में 16 मंडलों में मतदान के पहले दो घंटे में 12,104 वोट डाले गए। अधिकारियों ने बताया कि इन मतदान केंद्रों पर कुल 1,35,774 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि लद्दाख क्षेत्र के दस मंडलों में 130 मतदान केंद्र हैं। पहले दो घंटे में यहां 1,001 वोट डाले गए। इन मतदान केंद्रों में कुल 25,906 मतदाता हैं और सुबह दस बजे तक यहां 3.9 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख क्षेत्र समेत कश्मीर मंडल में कुल मतदान प्रतिशत सुबह दस बजे तक 8.1 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि कुल 3,296 मतदान केंद्रों पर सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और यह दोपहर दो बजे खत्म होगा। इनमें से कश्मीर में 1,303 और जम्मू में 1,993 मतदान केंद्र हैं।

राजस्थान भागा आतंकी ज़ाकिर मूसा

चुनावी रैलियों को बना सकता है निशाना

जयपुर (आरएनएस)। अलकायदा आतंकी जाकिर मूसा को अमृतसर में देखे जाने की खबरों के बाद पंजाब के अलावा राजस्थान में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. पुलिस ने पंजाब में हाई अलर्ट जारी किया है और मूसा की तलाश की जा रही है. पुलिस ने मूसा को लेकर जगह-जगह वॉन्टेड की तस्वीरें भी लगाई हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि आतंकी संगठन अलकायदा राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है. बता दें कि राजस्थान में 7 दिसंबर को 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं.

90 वर्ष की उम्र में एड मेन एलेक पद्मसी का निधन

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया शोक

नईदिल्ली (आरएनएस)। विज्ञापन की दुनिया के मशहूर लेखक एलेक पद्मसी का 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. एलेक को भारतीय विज्ञापनों का पितामह कहा जाता है. उन्होंने देश के प्रसिद्ध आइकॉनिक कॉमर्शियल एड, जिंगल और किरदारों को गढ़ा है.

शोपियां से 3 युवकों का आतंकियों ने किया अपहरण

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू और कश्मीर के शोपियां जिले से आतंकवादियों ने तीन स्थानीय युवकों का अपहरण किया है. शोपियां के सादपोरा पायीन इलाके में रहने वाले युवकों का अपहरण हुआ है. अपहरण किए गए युवकों के नाम शाहिद अहमद, फरूख अहमद और राजा कांदूर है. राजा कांदूर कुलगाम का रहने वाला है. पुलिस इस मामले में जांच कर रही है. घटना के विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा है.

भूस्खलन में दबकर चार मजदूरों की मौत की आशंका

कोडइकनाल (आरएनएस)। तमिलनाडु के चित्रापल्लम में शुक्रवार देर रात भूस्खलन की चपेट में आने के कारण निर्माण कार्य में लगे चार मजदूरो की मौत हो गयी।

खुफिया एजेंसी को व्हाट्सएप पर आतंकी संगठन जैश की धमकी, हाई अलर्ट पर दिल्ली

नई दिल्ली। खुफिया एजेंसी को एक व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश मिलने के बाद देश की राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के लिहाज से हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह व्हाट्सएप ग्रुप जैश-ए-मोहम्मद की तरफ से चलाया जा रहा है। जिसमें जम्मू कश्मीर में पिछले महीने एक कमांडर की हत्या का बदला लेने के लिए दिल्ली के संवेदनशील ठिकानों पर आतंकी हमले की बातें कही गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 13 नवंबर का एक पत्र जारी करते हुए करते खुफिया विंग से कहा कि इस व्हाट्सएप संदेश को देखते हुए इंटेलिजेंस को एक्टिव रखें और हाई अलर्ट जारी रखें। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तानी नागरिक अमीर हमजा की तरफ से सकुंलेट किए गए मैसेज के मुताबिक, व्हाट्सएप ग्रुप 'जैश कम्युनिकेशन सेंटर' में 30 अक्टूबर को पुलवामा के त्राल में कमांडर उस्मान उर्फ हुजैफा की हत्या का बदला लेने के लिए जैश ए मोहम्मद दिल्ली में सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले की योजना बना रहा है।

दिल्ली के बुजुर्गों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा कराएगी केजरीवाल सरकार

आईआरसीटीसी के साथ हुआ करार

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार दिल्ली के 70 हज़ार से ज्यादा लोगों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा कराने जा रही है.

इसके लिए दिल्ली सरकार और आईआरसीटीसी के बीच करार भी हो चुका है. दिल्ली सरकार ने इसके लिए 70 ट्रेनों की मांग की है, जिसके लिए शुरुआती पेमेंट भी की जा चुकी है. उम्मीद है कि दिसंबर की शुरुआत में श्रद्धालुओं को लेकर पहली ट्रेन दिल्ली से निकलेगी और मार्च तक 70 ट्रेनों करीब 77 लोगों को मुफ्त में तीर्थ यात्रा कराई जाएगी.

दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों के लिए धार्मिक यात्रा कराने वाली यह ट्रेन दिल्ली के लोगों के लिए सरकार की तरफ से मुफ्त सौगात होगी. ऐसी 70 ट्रेनों के लिए दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों से 77 हज़ार लोग शामिल होंगे. सीनियर सिटिजन्स को अपने साथ एक-एक अटेंडेंट ले जाने की छूट मिलेगी.

इस तरह की पहली ट्रेन 10 दिसंबर के आसपास दिल्ली से रवाना होगी और मार्च 2019 तक 70 ऐसी ट्रेनें चलाई जाएंगी.

दिल्ली तीर्थ यात्रा कमिटी के अध्यक्ष कमल बंसल ने बताया है कि इस यात्रा में मुसाफिरों को होटल, बस, शाकाहारी भोजन, टूरिस्ट गाइड और डॉक्टर जैसी तमाम सुविधाएं मुफ्त में मुहैया कराई जाएंगी.

खास बात ये है कि इस यात्रा में लोगों को धार्मिक यात्रा के साथ ही आसपास के पर्यटक स्थलों की भी सैर कराई जाएगी.

दादी और 3 पोते-पोतियों की गोलियां मारकर हत्या

पंचकूला (आरएनएस)। पंचकूला से बड़ी खबर है। यहां के खटोली गांव में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मृतकों में एक वृद्ध महिला और 3 बच्चे शामिल हैं। महिला की पहचान राजबाला के रूप में हुई है। मृतकों में राजबाला की एक पोती और दो पोते शामिल हैं। वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस फोरेंसिक विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतक तीनों बच्चों में 16 वर्षीय दिवांशु, 12 वर्षीय वंश और 18 वर्षीय ऐश्वर्या शामिल हैं। मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। चारों को गोलियां मारी गई हैं। दिवांशु उर्फ विशाल (16) दसवीं कक्षा का छात्र है और स्कॉलर स्कूल गांव मौली में पढ़ाई करता था।

नहीं रहे बॉर्डर के मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी

धूल में मिला दिया था पाक का मंसूबा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। लोंगेवाला युद्ध के नायक ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह चांदपुरी का शनिवार को मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान मेजर रहे चांदपुरी ने राजस्थान के लोंगेवाला की प्रसिद्ध लड़ाई में महज 120 जवानों के साथ, पाकिस्तानी टैंकों के हमले का डटकर सामना किया था और उन्हें खदेड़ दिया था।

टैंकों के खिलाफ वीरता से खड़े होने और दुश्मन को पीछे हटने के लिए मजबूर करने के लिए उन्हें महावीर चक्र (एमवीसी) से सम्मानित किया गया। ब्रिगेडियर चांदपुरी और सेना के जवानों की जीत पर बाद में बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर बनाई गई, जिसे 1997 में रिलीज किया गया। फिल्म में सनी देओल ने उनका किरदार निभाया था।

पीएफ खातेदारों को जल्द मिलेगी बड़ी सौगात, घर खरीदने के लिए मिलेगा लोन, ईएमआई

नई दिल्ली। पीएफ खाताधारकों के लिए खुशखबर। अब जल्द ही आपका अपना घर होने का सपना पूरा हो सकेगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने करोड़ों अंशधारकों को घर खरीदने के लिए लोन और ईएमआई की सुविधा देने पर विचार कर रहा है। अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले हो सकता है कि केंद्र सरकार इस स्कीम को पूरे देश में लागू कर दे। ईपीएफओ ने एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत वो जल्द ही देश के प्रमुख शहरों में अपनी तरफ से मकान बनवाएगा। यह प्रस्ताव दिसंबर में होने वाली सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की बैठक में पेश किया जाएगा। श्रम मंत्रालय की तरफ से पेश किए जाने वाले इस प्रस्ताव पर बोर्ड की मुहर लगने के बाद इसे वित्त मंत्रालय में अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार जिन लोगों का पीएफ खाता तीन साल से अधिक समय का है उनको घर खरीदने के लिए आसानी से लोन और ईएमआई की सुविधा मिलेगी।

कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग में 74 की मौत, 1,000 लापता

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या 74 हो गई है जबकि 1,000 लोग लापता हैं। जानकारी के मुताबिक, बट काउंटी के शेरिफ और कोरोनर कोरी होनिया ने शुक्रवार शाम को कहा कि कैम्प फायर में लगी आग से 1,011 लोग लापता हैं। इसे कैलिफोर्निया के इतिहास की सबसे भीषण आग कहा जा रहा है।

कुल 74 मृतकों में से 71 उत्तरी कैलिफोर्निया में मारे गए जबकि तीन दक्षिणी कैलिफोर्निया की वुज्ले आगे में मारे गए। कैम्प फायर से 9,700 घर और 146,000 एकड़ जमीन जलकर खाक हो गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को क्षेत्र का दौरा कर सकते हैं। गवर्नर जेरी ब्राउन और गेविन न्यूसम भी उनके साथ हो सकते हैं।

भारत में सरकार द्वारा डेटा मांगने में तेज इजाफा : फेसबुक

नई दिल्ली (आरएनएस)। साल 2018 के पहले छह महीनों में फेसबुक ने भारत सरकार द्वारा डेटा मांगने में तेज वृद्धि दर्ज की गई और कंपनी को कुल 16,580 डेटा आवेदन प्राप्त हुए, जबकि इसके पिछले साल भारत सरकार ने (पूरे साल में) कुल 22,024 आवेदन भेजे थे तथा साल 2016 में पूरे साल में कुल 13,613 आवेदन भेजे थे। सोशल मीडिया दिग्गज ने गुरुवार को प्रकाशित पारदर्शिता रिपोर्ट में कहा कि साल 2018 की जनवरी-जून की अवधि में फेसबुक ने सरकार को 53 फीसदी मामलों में डेटा मुहैया कराया, लेकिन कंपनी ने यह खुलासा नहीं किया कि उसने सरकार को किस प्रकार का डेटा मुहैया कराया।

कांग्रेस ने तेलंगाना के लिए जारी की उम्मीदवारों की तीसरी सूची

नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। पार्टी की ओर से जारी इस सूची में कुल 13 उम्मीदवारों के नाम हैं।

इससे पहले, कांग्रेस ने 12 नवंबर को 65 उम्मीदवारों की पहली सूची और 14 नवंबर को 10 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी।

पहली सूची में ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी को हुजूर नगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया था।

नाइजीरिया में आग लगने से चार बच्चों सहित पांच की मौत

अबुजा (आरएनएस)। नाइजीरिया के उत्तर पश्चिमी राज्य केब्बी में आग की चपेट में आने से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि एक बंगले में शुक्रवार सुबह आग लगने से एक महिला एवं उसके तीन बच्चे और एक अन्य बच्चा झुलस कर मर गए।

राज्य आपातकाल प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख सानी डोडोडो ने पत्रकारों को बताया कि माना जा रहा है कि इलेक्ट्रिक हीटर की वजह से बंगले में आग लगी है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

कर्नाटक में एक बस और लॉरी में जोरदार टक्कर, 6 लोगों की मौत, 10 से ज्यादा लोग घायल

कर्नाटक के राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर हुबली के पास एक बस और लॉरी के बीच टकराव में 6 लोग मारे गए और 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

विजय माल्या का प्रत्यर्पण होगा आसान

ब्रिटेन की अदालत ने तिहाड़ जेल को बताया सेफ

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन की एक अदालत का फैसला विजय माल्या के भारत प्रत्यर्पण के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है। यूके की अदालत ने तिहाड़ जेल को सुरक्षित परिसर करार देते हुए कहा है कि यहां भारतीय भगोड़ों का प्रत्यर्पण किया जा सकता है। क्रिकेट फिक्सिंग के आरोपी संजीव चावला के केस में आया यह फैसला बैंक धोखाधड़ी कर भागे विजय माल्या के प्रत्यर्पण के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकता है।

लंदन हाई कोर्ट के जस्टिस लेगाट और जस्टिस डिंगेमैन्स ने शुक्रवार को दिए अपने फैसले में कहा कि तिहाड़ में भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक संजीव चावला के लिए कोई खतरा नहीं है। संजीव चावला पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की फिक्सिंग का आरोप है। यह हैंसी क्रोन्ये मैच फिक्सिंग का मामला है, जिसमें भारतीय क्रिकेटरों अजय जडेजा और मोहम्मद अजहरुद्दीन पर भी आरोप लगा था।

भारत की ओर से चावला के इलाज का भरोसा दिलाए जाने के बाद लंदन हाई कोर्ट ने यह बात कही है। लंदन उच्च न्यायालय के इस फैसले का असर विजय माल्या के केस पर भी होगा। इसकी वजह यह है कि माल्या अकसर भारत की जेलों को असुरक्षित बताते रहे हैं, ऐसे में अब ब्रिटिश अदालत से उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी मिल सकती है।

दिल्ली में धुंध भरी सुबह, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता का स्तर जो गुरुवार से खराब के स्तर पर था वह शनिवार को बेहद खराब दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में आगे दिन साफ रहने की बात कही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा, सुबह धुंध के साथ दिन में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

मौसम विभाग ने कहा कि अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है और सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 78 फीसदी दर्ज हुआ।